अनुक्रमांक ..                                                                                    मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

नाम ...

136

# 329 (FE)

## 2024

## अर्थशास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]                                                                        [ पूर्णांक : 100

*निर्देश :*

*(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनका केवल सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखना है । प्रश्न संख्या 11 से 18 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर लगभग 50 शब्दों प्रत्येक में, प्रश्न संख्या 19 से 24 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर लगभग 150 शब्दों प्रत्येक में तथा प्रश्न संख्या 25 से 27 तक विस्तृत-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर लगभग 300 शब्दों प्रत्येक में दीजिए ।*

*(iv) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं ।*

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

*निम्नलिखित प्रश्नों के केवल सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :*

1. निम्नलिखित दो कथनों के सन्दर्भ में सही विकल्प चुनिए :

   *कथन I* : देश में कीमतें बढ़ने पर निजी विद्यालयों में फीस बढ़ती है । 1

   *कथन II* : विद्यालयों में फीस बढ़ना अन्यायपूर्ण है ।

   (अ) कथन I और कथन II, दोनों धनात्मक अर्थशास्त्र के कथन हैं ।

   (ब) कथन I और कथन II, दोनों आदर्शक अर्थशास्त्र के कथन हैं ।

   (स) कथन I धनात्मक अर्थशास्त्र का कथन और कथन II, आदर्शक अर्थशास्त्र का कथन है ।

   (द) कथन I आदर्शक अर्थशास्त्र का कथन और कथन II, धनात्मक अर्थशास्त्र का कथन है ।

2. उपयोगिता की उस मात्रा को सीमान्त उपयोगिता कहते हैं, जो उपभोग की ________ प्राप्त होती है । 1

   (अ) सर्वप्रथम इकाई से                    (ब) सभी इकाइयों के योग से

   (स) एक अतिरिक्त इकाई से                  (द) मध्यवर्ती इकाई से



https://www.upboardonline.com

3. उत्पादन के सन्दर्भ में, अल्पकाल वह परिस्थिति है, जिसमें : 1

(अ) उत्पादन के सभी साधनों को बदला जा सकता है

(ब) उत्पादन के सभी साधनों को बदला नहीं जा सकता है

(स) (अ) और (ब) दोनों सही हैं

(द) (अ) और (ब) दोनों ग़लत हैं

4. सामान्यत: किसी फर्म का अल्पकालीन पूर्ति वक्र होता है : 1

(अ) ∪-आकार का

(ब) क्षैतिज रेखा के आकार का

(स) ऊर्ध्व रेखा के आकार का

(द) ∩-आकार का

5. किसी योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था में, उत्पादन तथा वितरण सम्बन्धी निर्णय लिए जाते हैं : 1

(अ) सरकार द्वारा

(ब) बाज़ार द्वारा

(स) निगम-क्षेत्र द्वारा

(द) कीमत-तन्त्र द्वारा

6. सरकारी बजट में, 'हस्तान्तरण भुगतान' वह भुगतान हैं जो सरकार करती है : 1

(अ) कर्मचारियों के स्थानान्तरण पर

(ब) किसी वस्तु या सेवा के क्रय पर

(स) बिना किसी वस्तु या सेवा प्राप्त किए

(द) भूमि-सम्पत्ति के क्रय पर

7. भारत सरकार से करेन्सी नोट के विमुद्रीकरण (नोटबन्दी) की सिफारिश कौन करता है ? 1

(अ) विश्व बैंक

(ब) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

(स) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

(द) भारतीय रिज़र्व बैंक

8. किसी अर्थव्यवस्था का, पूर्ण-रोजगार आय स्तर राष्ट्रीय आय का वह स्तर है जहाँ : 1

(अ) सभी श्रमिकों को पूर्ण-रोजगार प्राप्त हो

(ब) उत्पादन के सभी साधनों को पूर्ण-रोजगार प्राप्त हो

(स) अर्थव्यवस्था की सालाना आय 5 ट्रिलियन डॉलर हो

(द) सभी नागरिकों को पर्याप्त आय प्राप्त हो

9. उपभोग की औसत प्रवृत्ति (ए.पी.सी) की माप है : 1

(अ) $C/Y$

(ब) $\Delta C/\Delta Y$

(स) $S/Y$

(द) $\Delta S/\Delta Y$

10. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रत्यक्ष कर माना जाता है ? 1

(अ) कस्टम ड्यूटी

(ब) टोल टैक्स

(स) वस्तु एवं सेवा कर

(द) निगम कर



https://www.upboardonline.com

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

11. व्यष्टि अर्थशास्त्र का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 3

12. 'अनधिमान वक्र मानचित्र' का चित्रण कीजिए । 3

13. सामान्य वस्तुओं एवं निम्न-स्तरीय वस्तुओं में भेद कीजिए । 3

14. ह्रासमान सीमान्त उत्पादकता का नियम लिखिए । 3

15. बाज़ार अर्थव्यवस्था की मुख्य विशेषताएँ लिखिए । 3

16. 'साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद' से आप क्या समझते हैं ? 3

17. 'मितव्ययिता के विरोधाभास' का क्या अर्थ है ? 3

18. विदेशी मुद्रा बाज़ार में, मुद्रा के अवमूल्यन और अधिमूल्यन का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 3

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

19. तटस्थता (अनधिमान) वक्र तकनीक से उपभोक्ता के सन्तुलन को दर्शाइए । 6

20. 'कुल स्थिर लागत', 'कुल परिवर्ती लागत' तथा 'कुल लागत' की अवधारणाओं को समझाइए । 2+2+2

21. 'पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाज़ार' की विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 6

22. 'आय के वर्तुल प्रवाह' को चित्र द्वारा दर्शाइए । 6

23. 'राजस्व घाटा, 'राजकोषीय घाटा' तथा 'प्राथमिक घाटा' की अवधारणाओं को समझाइए । 6

24. भुगतान सन्तुलन से आप क्या समझते हैं ? इससे सम्बन्धित चालू खाते और पूँजी खाते की मुख्य मदें लिखिए । 2+4


https://www.upboardonline.com

(विस्तृत-उत्तरीय प्रश्न)

25. 'केन्द्रीय बैंक' की परिभाषा लिखिए । केन्द्रीय बैंक के विभिन्न कार्यों का वर्णन कीजिए । 2+8

अथवा

अल्प अवधि में अर्थव्यवस्था की संतुलन आय का निर्धारण चित्र से दर्शाइए । 10

26. उत्पादन के क्षेत्र में 'दीर्घकाल' से आप क्या समझते हैं ? पैमाने के प्रतिफल के नियमों की व्याख्या कीजिए । 3+7

अथवा

सरकार के राजस्व बजट एवं पूँजीगत बजट की मदों का वर्णन कीजिए । 10

27. माँग की कीमत लोच के प्रकारों का वर्णन कीजिए तथा माँग की लोच को प्रभावित करने वाले तत्त्वों का वर्णन कीजिए । 5+5

अथवा

पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाज़ार में, किसी वस्तु के मूल्य-निर्धारण की प्रक्रिया को चित्र की सहायता से समझाइए । 5+5

**(English Version)**

***Instructions :***

*(i) First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.*

*(ii) **All** questions are **compulsory**.*

*(iii) Questions no. 1 to 10 are Multiple Choice Type Questions, for which only correct answers should be written in your answer-book. Questions no. 11 to 18 are Very Short-Answer Type Questions, which are to be answered in about 50 words each, Questions no. 19 to 24 are Short-Answer Type Questions, which are to be answered in about 150 words each and Questions no. 25 to 27 are Long-Answer Type Questions, which are to be answered in about 300 words each.*

*(iv) Marks allotted for each question are given against them.*


https://www.upboardonline.com

## (Multiple Choice Type Questions)

*Write only the correct answer of the following questions in your answer-book :*

1. Choose the correct option, with reference to the following two statements : 1

   *Statement I* : With increase in the prices in the country, fees in private school increase.

   *Statement II* : Increase in school fees is unjust.

   (a) Statement I and Statement II both are statements of Positive economics

   (b) Statement I and Statement II both are statements of Normative economics

   (c) Statement I is a statement of Positive economics and Statement II is a statement of Normative economics

   (d) Statement I is a statement of Normative economics and Statement II is a statement of Positive economics

2. That amount of utility is called marginal utility, which we get from the consumption of _______ . 1

   (a) the first unit (b) total of all units

   (c) an extra unit (d) the middle unit

3. With reference to production, short run is that situation, where 1

   (a) All the means of production can be changed

   (b) All the means of production cannot be changed

   (c) Both (a) and (b) are correct

   (d) Both (a) and (b) are incorrect

4. The supply curve of a firm in short-run is generally : 1

   (a) U-shaped (b) Horizontal line

   (c) Vertical line (d) ∩-shaped

5. In a planned economy, decisions related to production and distribution are taken by : 1

   (a) Government (b) Markets

   (c) Corporate sector (d) Price mechanism



https://www.upboardonline.com

6. In Government budget, 'transfer payments' are the payments made by the Government : *1*

(a) On transfer of employees

(b) On purchase of goods or services

(c) Without receiving any goods or services

(d) On purchase of land-property

7. Who recommends demonetization of currency notes to the Government of India ? *1*

(a) World Bank

(b) International Monetary Fund

(c) State Bank of India

(d) Reserve Bank of India

8. Full employment level of income of an economy, is that level of income where : *1*

(a) Labour is in full employment

(b) All means of production are fully employed

(c) Annual income of the economy is 5 trillion dollars

(d) All citizens have sufficient income

9. The Average Propensity to Consume (APC) is measured by : *1*

(a) C/Y

(b) $\Delta C/\Delta Y$

(c) S/Y

(d) $\Delta S/\Delta Y$

10. Which one of the following is a direct tax ? *1*

(a) Custom Duty

(b) Toll Tax

(c) Goods and Services Tax

(d) Corporate Tax

**(Very Short-Answer Type Questions)**

11. Explain the meaning of Micro-economics. *3*

12. Draw 'Indifference curve map'. *3*

13. Differentiate between normal goods and inferior goods. *3*

14. Write the Law of Diminishing Marginal Productivity. *3*

15. Write the main characteristics of market economy. *3*



https://www.upboardonline.com

16. What do you mean by 'Gross Domestic Product at Factor Cost'? 3

17. What is the meaning of 'Paradox of Thrift'? 3

18. Explain the meaning of devaluation and appreciation of currency in Foreign Exchange market. 3

**(Short-Answer Type Questions)**

19. Show the equilibrium of a consumer with Indifference Curve Technique. 6

20. Explain the concepts of 'total fixed cost', 'total variable cost' and 'total cost'. 2+2+2

21. Describe the characteristics of a 'Perfectly Competitive Market'. 6

22. Show the 'Circular flow of income' with diagram. 6

23. Explain the concepts of 'Revenue deficit', 'Fiscal deficit' and 'Primary deficit'. 6

24. What do you understand by Balance of Payments ? Write the main items of Current account and Capital account related to it. 2+4

**(Long-Answer Type Questions)**

25. Write the definition of 'central bank'. Describe the various functions of a central bank. https://www.upboardonline.com 2+8

**OR**

Show the short-run equilibrium income of an economy with a diagram. 10

26. What do you mean by 'long-run' in production ? Explain the laws of returns to scale. 3+7

**OR**

Describe the items of Revenue Budget and Capital Budget of the Government. 10

27. *Describe the types of price elasticity of demand and describe the factors affecting elasticity of demand.* 5+5

**OR**

*Explain the process of price determination of a commodity in perfectly competitive market with the help of diagram.* 5+5



https://www.upboardonline.com